# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 06 November 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

**Q. देश का पहला सोलर पार्क जिसमें बड़े पैमाने पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) जोड़ा जा रहा है, कहाँ विकसित किया जा रहा है?**

(A) जोधपुर
(B) बीकानेर
(C) जैसलमेर
(D) बाड़मेर

- *राजस्थान एक बार फिर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बनने जा रहा है। बीकानेर जिले के पूगल क्षेत्र में विकसित किया जा रहा पूगल सोलर पार्क देश का पहला सोलर पार्क होगा, जिसमें बड़े पैमाने पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) को सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़ा जा रहा है।*
- *यह पार्क 2,450 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता और 5,000 मेगावाट की स्टोरेज क्षमता वाला होगा, जिससे अतिरिक्त सौर ऊर्जा को संग्रहित कर गैर-धूप वाले घंटों में भी बिजली आपूर्ति की जा सकेगी।*
- *राजस्थान में प्रस्तावित यह सोलर-बीईएसएस प्लांट दुनिया के सबसे बड़े संयंत्रों में से एक होगा*
- *यह महत्वाकांक्षी परियोजना राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (RSDCL) द्वारा लगाई जा रही है, जो राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।*

Yesterday Revision

⭕. राजस्थान सरकार ने डेयरी क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कितनी राशि के कोरपस फंड के गठन को मंजूरी दी है?- 1000 करोड़ रुपये

⭕. केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण नेतृत्व को नई दिशा देने के उद्देश्य से राजस्थान में कौन-सी नई योजना शुरू करने की तैयारी की गई है?-मॉडल ग्राम सभा योजना

⭕. राजस्थान में 11 से 14 दिसंबर तक जयपुर टाइगर फेस्टिवल 2025 का आयोजन किस स्थान पर किया जाएगा?- जवाहर कला केन्द्र, जयपुर

⭕. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा किसानों की क्षमता वृद्धि एवं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने के उद्देश्य से कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया है?-नॉलेज एन्हांसमेंट प्रोग्राम

⭕. राजस्थान में 4–6 नवंबर 2025 तक चंद्रभागा मेला 2025 किस स्थान पर आयोजित हो रहा है?-झालावाड़

**01. ICC वुमन वर्ल्ड कप-2025 जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की किस कप्तान का वैक्स स्टैच्यू जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगाया जाएगा?**

(a) शैफाली वर्मा

(b) स्मृति मंधाना

(c) हरमनप्रीत कौर

(d) मिताली राज



**Important Facts:**

- नाहरगढ़ फोर्ट पर स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम में ICC वुमन वर्ल्ड कप-2025 की विनर इंडियन क्रिकेट टीम की कैप्टन हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टैच्यू लगाया जाएगा। यह स्टेच्यू भारत की ऐतिहासिक जीत को समर्पित होगा।
- इसका अनावरण अगले साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च 2026) पर किया जाएगा। म्यूजियम के संस्थापक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि हरमनप्रीत कौर का योगदान सम्मान और महिला सशक्तीकरण का भी प्रतीक बनेगा। इससे पहले एम.एस. धोनी, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे क्रिकेटर्स के स्टैच्यू यहां लगाए जा चुके हैं।
- म्यूजियम पहले भी महिला प्रेरणाओं को सम्मानित कर चुका है। इनमें कल्पना चावला, साइना नेहवाल, मदर टैरेसा, गायत्री देवी और हाड़ी रानी जैसी विभूतियां शामिल हैं।

02. राजस्थान के 7 संभागीय मुख्यालयों में  घूमर महोत्सव' किस तिथि को आयोजित किया जाएगा?

(A) 19 नवंबर 2025

(B) 17 नवंबर 2025

(C) 09 नवंबर 2025

(D) 25 नवंबर 2025

**Important Facts:**

- घूमर महोत्सव केवल एक नृत्य आयोजन नहीं, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और नारी-सशक्तिकरण का प्रतीक बनने जा रहा है। राज्य सरकार की पहल पर टूरिज्म विभाग ने 'घूमर महोत्सव-2025' को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग ने इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
- यह आयोजन 19 नवंबर को प्रदेश के सातों संभागीय मुख्यालयों-जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर में एक साथ होगा।
- राज्यभर में महोत्सव से पहले प्रतिभागियों के प्रशिक्षण के लिए 9 से 17 नवंबर तक वर्कशॉप्स आयोजित की जाएंगी।

**03. उत्तर प्रदेश में आयोजित जूनियर व सीनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की किस खिलाड़ी ने दो गोल्ड मेडल जीते?**

(A) अंजलि सिंह

**(B) पूजा शर्मा**

(C) रितु चौधरी

(D) नेहा सैनी



**Important Facts:**

- अयोध्या, उत्तर प्रदेश में जूनियर व सीनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- 4 नवंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में राजस्थान की पूजा शर्मा ने 58 किलो में दो गोल्ड मेडल जीतने में सफलता हासिल की।
- सीकर जिले की रिंगस तहसील के ग्रामीण परिवेश से निकलकर पूजा ने यह सफलता हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया।
- पूजा शर्मा राजस्थान विधानसभा द्वारा संचालित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में खेल कोच के पद पर कार्य कर रही हैं।

04. हाल ही में राजस्थान के किस खिलाड़ी ने 42वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता?

(A) लवेश सिंह

(B) अक्षत राव

(C) हर्षित मीणा

(D) अभिषेक शर्मा



**Important Facts:**

- राजस्थान के अक्षत राव ने बेंगलुरु में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित हुई 42वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- इस प्रतियोगिता में देशभर के 1400 बच्चों ने हिस्सा लिया था।
- अक्षत ने 48 किलो कैटेगरी में यह सफलता हासिल की
- अक्षत अभी इंडियन आर्मी की जूनियर टीम (बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी रानीखेत) प्रशिक्षणार्थी हैं।

**05. राजस्थान की प्रमुख टेक्सटाइल निर्माता कंपनी RSWM ने रिन्यूएबल एनर्जी की सप्लाई के लिए किस कंपनी के साथ साझेदारी की है?**

(A) टाटा पावर

(B) रिलायंस एनर्जी

(C) अदाणी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड (AESL)

(D) NTPC ग्रीन एनर्जी

**Important Facts:**

- राजस्थान की प्रमुख टेक्सटाइल निर्माता RSWM ने 60 मेगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी की सप्लाई के लिए अदाणी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड (AESL) के साथ साझेदारी की है.
- समझौते के तहत, एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी RSWM की अतिरिक्त बिजली की जरूरत पूरी करने के लिए अदाणी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड समग्र ग्रीन पावर वैल्यू चेन के प्रबंधन का काम देखेगी.
- RSWM ने ग्रीन जनरेशन कंपनी रिन्यूएबल जेनको में ग्रुप कैप्टिव स्कीम के तहत 60 करोड़ रुपए का निवेश किया है.
- इसके तहत कंपनी की राजस्थान में मौजूद मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को हर साल 31.53 करोड़ यूनिट ग्रीन पावर सप्लाई की जाएगी.

06. मधुमक्खी पालन और मधुमक्खियों की कॉलोनियों की संख्या के मामले में राजस्थान का कौन-सा स्थान है?

(A) तीसरा

(B) चौथा

(C) पांचवां

(D) छठा

**Important Facts:**

- राजस्थान में कुल 558 पंजीकृत मधुमक्खी पालक हैं। इनके पास मधुमक्खियों की 1.12 लाख से भी ज्यादा कॉलोनियों हैं। यह देश में पांचवां सबसे ज्यादा आंकड़ा है।
- राजस्थान से पहले उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा व बिहार का स्थान है
- उत्तरप्रदेश में ज्यादा 3,40,915 मधुमक्खियों की कॉलोनियां हैं। दूसरे नंबर पर पंजाब, तीसरे स्थान पर हरियाणा में 1,81,731, चौथे स्थान पर बिहार में 1,48,529 और पांचवें स्थान पर राजस्थान में 1,12,269 मधुमक्खियों की कॉलोनियां है।
- सबसे ज्यादा किसान भरतपुर, टोंक व अलवर क्षेत्र में है। यह क्षेत्र राज्य में मधुमक्खी पालन का सबसे बड़ा केंद्र है।
- टोंक में प्रदेश का पहला मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र विकसित किया जा रहा है।

**07. हाल ही में राजस्थान सरकार ने राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान कब शुरू किया?**

(A) 1 नवंबर से

(B) 4 नवंबर से

(C) 2 नवंबर से

(D) 5 नवंबर से

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के लिए 15 दिवसीय राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया है। 4 से 18 नवंबर तक चलने वाला यह विशेष अभियान हालिया भीषण सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर शुरू किया गया है।
- मुख्यमंत्री कार्यालय, गृह विभाग से प्राप्त दैनिक रिपोर्ट के माध्यम से इस अभियान की सीधी निगरानी कर रहा है।
- इसके मुताबिक, इस अभियान के सफल संचालन के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय की गई हैं। पुलिस विभाग को इसकी नोडल एजेंसी एवं फील्ड कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।
- अभियान में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही, शराब सेवन तथा अधिक गति से वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलम्बन/निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

08. हाल ही में राजस्थान में किसके द्वारा"CRP Plus नीति 2025 को आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है?

(A) राजीविका

(B) राजफेड

(C) रीको

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा "CRP Plus नीति को आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
- यह नई नीति राजस्थान के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) एवं समुदाय आधारित संगठनों (CBOs) के सशक्तिकरण तथा विस्तार के कार्य में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- "सीआरपी प्लस नीति" का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सबल और प्रभावी सामाजिक पुनर्निर्माण प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना है।
- सीआरपी प्लस नीति के तहत 'विलेज सपोर्ट टीम' को प्रतिस्थापित कर सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (CRP Plus) की नई व्यवस्था लागू की जा रही है,

09. हाल ही में दुनिया में पहली बार “पीढ़ीगत तंबाकू प्रतिबंध” लागू करने वाला देश कौन सा है?

(A) न्यूजीलैंड

(B) सिंगापुर

(C) मालदीव

(D) भूटान

**Important Facts:**

- मालदीव ने दुनिया में पहली बार पीढ़ीगत तंबाकू प्रतिबंध लागू किया
- मालदीव विश्व में पहला ऐसा देश बन गया है जिसने 1 नवम्बर, 2025 से पीढ़ीगत तम्बाकू प्रतिबंध लागू कर दिया है, जिसके तहत 1 जनवरी, 2007 के बाद जन्मे किसी भी व्यक्ति, जिसमें पर्यटक भी शामिल हैं, द्वारा तम्बाकू की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा अनुमोदित इस कानून में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए वेपिंग और ई-सिगरेट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है तथा कठोर दंड का प्रावधान है।
- यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन के एफसीटीसी लक्ष्यों के अनुरूप एक ऐतिहासिक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धि है

**10. कैंसर के इलाज और मेडिकल उपयोग के लिए भारत में नया विशेष परमाणु रिएक्टर कहाँ स्थापित किया जाएगा?**

(A) मुंबई

(B) विशाखापत्तनम

(C) कोयंबटूर

(D) अहमदाबाद

**Important Facts:**

⭕ परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) अब विशाखापत्तनम में एक विशेष परमाणु रिएक्टर स्थापित करेगा, जो कैंसर के इलाज और मेडिकल उपयोग के लिए आवश्यक रेडियोआइसोटोप्स तैयार करेगा।

⭕ भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य भारत को रेडियोआइसोटोप्स के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और कैंसर इलाज को सस्ता करना है।

⭕ (BARC) के अधिकारी ने आगे बताया कि इसे अगले चार से पांच वर्षों के अंदर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत स्थापित किया जाएगा।

यह भारत का पहला रिएक्टर होगा जो पूरी तरह से कैंसर और अन्य बीमारियों के निदान और उपचार में उपयोग किए जाने वाले चिकित्सा आइसोटोप के उत्पादन के लिए समर्पित होगा।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार ने डेयरी क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कितनी राशि के कोरपस फंड के गठन को मंजूरी दी है?**

(A) 500 करोड़ रुपये

(B) 750 करोड़ रुपये

(C) 1000 करोड़ रुपये

(D) 1500 करोड़ रुपये

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

GK Search Engine Mobile App

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine